प्रेषक,

प्रतिमा सक्सेना II
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पोक्सो अधि),
जनपद हाथरस।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद

द्वारा,

श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जनपद हाथरस।

विषय–नवीन वाहन (कार) क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा वर्ष 2011 में टाटा इन्डिगो ई0सी0एस0 कार वाहन संख्या–यू0पी0–76एन0–5477 जनपद फर्रूखाबाद में क्रय की गयी थी और उसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को नियमानुसार दी गयी थी।

उक्त डीजल कार 10 वर्ष की अवधि पर लगभग तकनीकी रूप से खराब होने लगी थी। उक्त गाड़ी के बाह्य स्वरूप में, भी निरन्तर प्रयोग में रहने के कारण बदलाव आ गया था और उसकी तकनीकी कमियाँ प्रतिदिन बढ़ती जा रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप प्रार्थिनी को नयी कार की आवश्यकता महसूस होने लगी।

इस सम्बन्ध में प्रार्थिनी ने जनपद हाथरस में टाटा कम्पनी के शोरूम मैस्कॉट मोटर्स पर सम्पर्क किया तो सम्बन्धित कम्पनी द्वारा पुराने वाहन को वापस लेने एवं नयी कार क्रय करने पर डिस्काउंट के प्रस्ताव से अवगत कराया।

उपरोक्त क्रम में प्रार्थिनी द्वारा अपने वाहन संख्या–यू0पी0–76एन0–5477 टाटा इन्डिगो ई0सी0एस0 कार को मैस्कॉट मोटर्स (टाटा शोरूम) पर मु0 50,000/–रूपये के विक्रय मूल्य पर वापस कर दिया है। (संलग्नक संख्या–1) और टाटा मोटर्स के शोरूम से एक नयी कार टाटा हैरियर एक्स0टी0+ को क्रय किया गया, जिसकी शोरूम कीमत 12,19,189.19/– थी, जिसमें कम्पनी द्वारा 36,407.45/– की छूट के पश्चात् गाड़ी की कीमत 11,82,781.76/– की हो गई, तत्पश्चात् 14 प्रतिशत एस0जी0एस0टी0 एवं 14 प्रतिशत सी0जी0एस0टी0 एवं जी0एस0टी0 सेस 20 प्रतिशत की दर से मु0 236556.35/– होने के उपरान्त गाड़ी की एक्स शोरूम कीमत 18,04,400/–रूपये हुई, जिसमें गाड़ी का बीमा 59699/–रूपये का हुआ और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की कीमत 1,87,540/–रूपये, इसके

30.10.2021

अतिरिक्त 1200/-रूपये की नम्बर प्लेट और 18,044/-टी0सी0एस0 के होने के पश्चात् उक्त गाड़ी की ऑन रोड कीमत 20,70,883/-रूपये हुई, जिसमें 40,000/-रूपये कम्पनी द्वारा एक्चेंज बोनस, 5,000/-रूपये सरकारी कर्मचारी छूट एवं 8,883/-रूपये की अन्य छूट प्रदान की गयी और इस प्रकार गाड़ी की ऑन रोड कीमत 20,17,000/-रूपये हुई। (संलग्नक-2)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा 17,00,000/-रूपये का भारतीय स्टेट बैंक से 7 वर्ष की अवधि का 26,000/-रूपये ई0एम0आई की दर से लोन कराया गया एवं शेष धनराशि अधोहस्ताक्षरी द्वारा मैस्कॉट मोटर्स टाटा शोरूम को अपने बड़ौदा बैंक के खाता संख्या-24360100006865 से अपने भारतीय स्टेट बैंक के खाता संख्या-11181458199 से अंतरित करके प्रेषित की गयी है। (बैंक खाता संख्या-6865 बड़ौदा बैंक एवं 11181468199 भारतीय स्टेट बैंक से 6 माह के विवरण पत्र क्रमशः संलग्नक 3 व 4) उक्त नवीन वाहन का मूल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है, इसलिए वाहन का ई-पंजीयन प्रमाण पत्र इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है। (संलग्नक-5)

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त नवीन वाहन के क्रय एवं पुराने वाहन के विक्रय की सूचना माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष कृपापूर्ण अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ रखने की अनुकम्पा करें।

भवदीया

(हस्ताक्षर) 30.10.2021

(प्रतिमा सक्सेना II)

दिनांक-30.10.2021

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पोक्सो अधि),
जनपद हाथरस।
(जे0ओ0 कोड यू0पी0 6223)

संलग्नक-(1) टाटा इन्डिगो कार विक्रय रसीद
(2) टाटा हैरियर नवीन कार की सेल इनवाइस
(3) बैंक एकाउंट 24360100006865 बैंक ऑफ बड़ौदा के छह माह का विवरण पत्र
(4) बैंक एकाउंट 11181458199 भारतीय स्टेट बैंक के छह माह का विवरण पत्र।
(5) नवीन वाहन का ई-पंजीयन प्रमाणपत्र
(6) नवीन वाहन की बीमा पॉलिसी
(7) मु0 17,00,000/-(सत्रह लाख रूपये) का एस0बी0आई0 लोन प्रपत्र
(8) चैक संख्या-639669 मु0 2,35,000/- (एस0बी0आई0)
(9) चैक संख्या-639671 मु0 7,000/- (एस0बी0आई0)
(10) मु0 25,000/-नकद धनराशि की रसीद।